संख्या—cm-351
17/08/2022

मुख्यमंत्री ने बिहार विधान परिषद् के कबीर वाटिका में नवनिर्मित 200वां सत्र स्मृति—स्तंभ का किया अनावरण।

पटना, 17 अगस्त 2022 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बिहार विधान परिषद् के कबीर वाटिका में नवनिर्मित 200 वां सत्र स्मृति—स्तंभ का अनावरण किया।

इस स्मृति—स्तंभ पर बिहार विधान परिषद् के 200वें सत्र में शामिल सदस्य के रूप में श्री अवधेश नारायण सिंह, श्री नीतीश कुमार, श्रीमती राबड़ी देवी, श्री नवल किशोर यादव, श्री देवेश चंद्र ठाकुर, श्री उपेंद्र कुशवाहा, श्री नीरज कुमार, श्री वीरेंद्र नारायण यादव, श्री सर्वेश कुमार, डॉ0 एन0के0 यादव, श्री संजीव श्याम सिंह, प्रोफेसर संजय कुमार सिंह, श्री केदारनाथ पांडेय, डॉ0 मदन मोहन झा, डॉ0 संजीव कुमार सिंह, श्री मंगल पांडेय, डॉ0 कुमुद वर्मा, प्रो0 गुलाम गौस, श्री मो0 फारुक, श्री भीष्म साहनी, श्री खालिद अनवर, श्री रामबली सिंह, श्री प्रेमचंद्र मिश्रा, श्री रामचंद्र पूर्वे, श्री संजय प्रकाश, श्री मो0 कमर आलम, श्री राम ईश्वर महतो, श्री अर्जुन साहनी, श्री समीर कुमार सिंह, श्री गुलाम रसूल, श्री रणविजय कुमार सिंह, श्री संजय पासवान, श्रीमती रोजिना नाजिश, श्री मुकेश सहनी, श्री सम्राट चौधरी, श्री सुनील कुमार सिंह, श्री चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा, श्री संजय कुमार झा, श्री सैयद शाहनवाज हुसैन, श्री संतोष कुमार सुमन, श्री अशोक चौधरी, श्री जनक राम, प्रो0 (डॉ0) रामवचन राय, श्री संजय कुमार सिंह, श्री ललन कुमार सर्राफ, प्रो0 (डॉ0) राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, श्री संजय सिंह, श्री देवेश कुमार, डॉ0 प्रमोद कुमार, श्री घनश्याम ठाकुर एवं श्रीमती निवेदिता सिंह का नाम अंकित है।

इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कहा कि 200वां सत्र पूरा होने पर उसमें जितने लोग शामिल थे, उन सभी का इस स्मृति—स्तंभ में नामकरण किया गया है। बिहार विधान परिषद् के कार्यकारी सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह ने इस कार्य को कराया है।

इस अवसर पर बिहार विधान परिषद् के कार्यकारी सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, वित्त—सह—संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन—सह—सूचना एवं जन—संपर्क मंत्री श्री संजय कुमार झा, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री मो0 जमा खान एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

****